Number of Pages in Booklet: 20
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 20
Number of Questions is Booklet :100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक 330005

URATPG - 2021

POLITICAL SCIENCE

Subject Code / विषय कोड – 025

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time/समय : Two Hours/ दो घण्टे **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. The questions from serial no. 01 to serial no.100 are subject specific in the booklet.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any prohibited material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be considered correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना हैं।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमनानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह

रफ कार्य

1. 93rd Amendment of the constitution deals will
   (A) Panchayati Raj Institutions
   (B) Reservation of Women in legislatures
   (C) Reservation of OBCs in educational Institutions
   (D) Fundamental Duties

2. Who is the author of "Igniting Minds"?
   (A) J.N. Dixit
   (B) Joginder Singh
   (C) Bipin Chandra
   (D) APJ Abdul Kalam

3. Which one of the following countries has been recently made member of the SAARC?
   (A) Bhutan (B) Maldives
   (C) Afghanistan (D) Nepal

4. The author of "American Foreign Policy; Three Essays".
   (A) Karl W Deutsch
   (B) S Hoffe Man
   (C) Henry Kissinger
   (D) Woodrow Wilson

5. The Human Relations Theory of Organisation focuses on:
   (A) Formal Organisation
   (B) Specification
   (C) Informal Groups
   (D) Red - Topism

6. The Fulton Committee Report of 1968 was concerned with reforms in the personnal administration of:
   (A) France
   (B) Japan
   (C) USA
   (D) United Kingdom

1. संविधान का 93 वां संशोधन निम्न से संबंधित है:
   (अ) पंचायती राज संस्थाएँ
   (ब) विधान मण्डलों में स्त्रियों के लिए आरक्षण
   (स) शैक्षिक संस्थाओं में ओ.बी.सी. का आरक्षण
   (द) मौलिक कर्तव्य

2. ''इगनिटिंग माइंडस'' का लेखक कौन है?
   (अ) जे. एन. दीक्षित
   (ब) जोगिन्दर सिंह
   (स) बिपिन चन्द्रा
   (द) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

3. निम्नलिखित में से कौन सा देश हाल में ही सार्क का सदस्य बनाया गया है?
   (अ) भूटान (ब) मालदीव
   (स) अफगानिस्तान (द) नेपाल

4. ''अमेकिरन फोरन पॉलिसी : थ्री एसेस्'' का लेखक है :
   (अ) कार्ल डब्लु. डायश
   (ब) एस. हॉफमैन
   (स) हेनरी किसिंगर
   (द) वुडरो विलसन

5. संगठन की मानवीय संबंध विचारधारा का संकेन्द्रण है:
   (अ) औपचारिक संगठन
   (ब) विशिष्टिकरण
   (स) अनौपचारिक समूह
   (द) लाल–फीताशाही

6. कार्मिक प्रशासन में सुधारों पर फुल्टन समिति 1968 के प्रतिवेदन का सम्बन्ध जिस देश से है वह है:
   (अ) फ्रांस
   (ब) जापान
   (स) संयुक्त राज्य अमेरिका
   (द) इंग्लैड

7. The Institution of Ombudsman originated from:

(A) Denmark

(B) Sweden

(C) UK

(D) USA

8. Arrange the following approaches in study of Public Administration in order in which they appeared. Use the code given below:

(I) Classical Approach

(II) Behavioral Approach

(III) Policy Approach

(IV) Human Relations Approach

Code :

(A) II, III, IV, I (B) I, IV, II, III

(C) IV, III, I, II (D) II, I, III, IV

9. How many elements of the state are there in Kautilya's Theory?

(A) Eleven (B) Seven

(C) Ten (D) Five

10. Who among the following is considered to be the founder of comparative study of government?

(A) Almond (B) Finer

(C) Aristotle (D) Pye

11. The essential feature of authority is:

(A) Force (B) Legitimacy

(C) Persuasion (D) Influence

12. At which session, the Indian National Congress passed the resolution for Poorna Swaraj?

(A) Lahore (B) Bombay

(C) Calcutta (D) Madras

7. 'अम्बुद्समान' संस्था का अभ्युदय जिस देश में हुआ उसका नाम है:

(अ) डेनमार्क

(ब) स्वीडन

(स) इंग्लैंड

(द) संयुक्त राज्य अमेरिका

8. लोक प्रशासन के अध्ययन में निम्नांकित उपागमों को उनके विकास के क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(I) शास्त्रीय उपागम

(II) व्यवहारवादी उपागम

(III) नीति उपागम

(IV) मानवीय संबंध उपागम

कूट :

(अ) II, III, IV, I (ब) I, IV, II, III

(स) IV, III, I, II (द) II, I, III, IV

9. कौटिल्य के सिद्धान्त में राज्य के कितने अंग हैं?

(अ) ग्यारह (ब) सात

(स) दस (द) पाँच

10. निम्न में से सरकार के तुलनात्मक अध्ययन का प्रणेता किसे माना जाता है?

(अ) आलमण्ड (ब) फाईन्र

(स) अरस्तू (द) पाई

11. सत्ता की आवश्यक विशेषता है:

(अ) बल (ब) वैधानिकता

(स) अभिप्रेरणा (द) प्रभाव

12. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव किस अधिवेशन में पारित किया?

(अ) लाहौर (ब) बम्बई

(स) कलकत्ता (द) मद्रास

13. Doctrine of the basic structure of the Indian Constitution was enunciated by the Supreme Court in:

(A) Minerva Mills Case

(B) Keshavanand Bharti Case

(C) Golak Nath Case

(D) Shankari Prasad Case

13. भारतीय संविधान के मूल ढाँचे का सिद्धांत सर्वोच्च न्यायालय ने किस मुकदमे में प्रतिपादित किया?

(अ) मिनर्वा मिल्स केस

(ब) केशवानन्द भारती केस

(स) गोलकनाथ केस

(द) शंकरी प्रसाद केस

14. Which of the following bodies is presided over by a non member?

(A) Rajya Sabha

(B) Lok Sabha

(C) Legislative Assembly

(D) Legislative Council

14. निम्न में से कौन सी संस्था की अध्यक्षता एक गैर सदस्य करता है?

(अ) राज्य सभा

(ब) लोक सभा

(स) विधान सभा

(द) विधान परिषद

15. Identify the correct chronological order of the following regional organisations.

(i) ASEAN (ii) OPEC

(iii) APEC (iv) SAARC

Codes :

(A) (i), (iii), (ii), (iv)

(B) (iii), (ii), (iv), (i)

(C) (ii), (i), (iv), (iii)

(D) (iv), (ii), (iii), (i)

15. निम्न क्षेत्रीय समूहों के उदय का सही क्रम बताइए।

(i) असियान (ii) ओपेक

(iii) अपेक (iv) सार्क

कूट :

(अ) (i), (iii), (ii), (iv)

(ब) (iii), (ii), (iv), (i)

(ब) (ii), (i), (iv), (iii)

(द) (iv), (ii), (iii), (i)

16. The ideology which has revolted against prescriptive theory of politics is known as:

(A) Behaviouralism

(B) Post-behaviouralism

(C) Communitarianism

(D) Liberalism

16. नियामक राजनीतिक सिद्धांत का कृतिविद्रोही सिद्धांत कौन सा है?

(अ) व्यवहारवाद

(ब) उत्तर व्यवहारवाद

(स) समुदायवाद

(द) उदारवाद

17. The Chairman of the States Reorganisation Commission was :

(A) K.M. Panikkar

(B) Justice Fazal Ali

(C) H.N. Kunzru

(D) Justice Rajamannar

17. राज्य पुनर्गठन प्रयोग के अध्यक्ष कौन थे?

(अ) के.एन.पन्निकर

(ब) जस्टीश फज़ल अली

(स) एच. एन. कुन्जरु

(द) जस्टीश राजामन्नार

18. Under which Article (s) of the constitution, the President of India could be impeached?

(A) Article 76 (B) Article 79

(C) Article 75 (D) Article 56 and 61

19. "Agenda for peace" Proposal is associated with:

(A) League of Nations

(B) United Nations

(C) India

(D) Commonwealth of Nations

20. Objective laws of natures is a principle of realism, enunciated by:

(A) E.H. Carr

(B) George F. Kennan

(C) Morgenthau

(D) Henry Kissinger

21. Who among the following makes a clear distinction between public and private administration?

(A) Henri Fayol (B) Mary P. Follet

(C) L. Urwick (D) Paul H. Appleby

22. Which one of the following is not the objective of scientific management?

(A) Informal group functioning

(B) Planning of daily work

(C) Standardization of working conditions

(D) Standardization of work methods

23. Who among the following classified staff into three types - general staff, technical staff and auxiliary staff?

(A) Pfiffner and Presthus

(B) L.D. White

(C) J.D. Mooney

(D) Albert Lepawsky

18. संविधान के कौनसे अनुच्छेद के आधार पर भारत के राष्ट्रपति का महाभियोग किया जा सकता है?

(अ) अनुच्छेद 76 (ब) अनुच्छेद 79

(स) अनुच्छेद 75 (द) अनुच्छेद 56 एवं 61

19. शान्ति प्रस्ताव की कार्य सूची सम्बंध रखती है:

(अ) राष्ट्र संघ से

(ब) संयुक्त राष्ट्र से

(स) भारत से

(द) राष्ट्रकुल से

20. 'प्रकृति का वस्तुपरक कानून' एक यथार्थवाद का सिद्धांत है, जिसको अभिव्यक्त किया गया है:

(अ) इ.एंच.कर द्वारा

(ब) जार्ज एफ. केनन द्वारा

(स) मोरगेन्था द्वारा

(द) हेनरी किसिन्जर द्वारा

21. निम्नलिखित में से किसने सार्वजनिक तथा निजी प्रशासन में स्पष्ट अंतर किया :

(अ) हेनरी फेयल (ब) मेरी पी. फालेट

(स) एल. उरविक (द) पाल. एच. अप्पलबी

22. निम्न में से वैज्ञनिक प्रबंध का कौनसा उद्देश्य नहीं है:

(अ) अनौपचारिक ग्रुप कार्यविधि

(ब) प्रतिदिन – कार्य योजना

(स) कार्य – स्थिति मानक

(द) कार्य – विधि मानक

23. किसने स्टाफ सूत्र को त्रि–वर्गीकरण – सामान्य स्टाफ, तकनीकी स्टाफ तथा सहायक स्टाफ में विभाजित किया?

(अ) पिफनर और प्रेस्थस

(ब) एल. डी. वाइट

(स) जे. डी. मूने

(द) अलबर्ट लेपावस्की

24. Max Weber's 3-fold classification of authority include:

(i) Hereditary authority

(ii) Traditional authority

(iii) Charismatic authority

(iv) Legal - Rational authority

Which of these are correct?

(A) (i), (ii) and (iii)

(B) (ii), (iii) and (iv)

(C) (i), (iii) and (iv)

(D) (i), (ii) and (iv)

25. The author of the book "Politics of Scarcity".

(A) Paul Brass

(B) Myron Weiner

(C) Rajani Kothari

(D) Morris Jones

26. UNCTAD basically promoted:

(A) Peaceful settlement of disputes

(B) International trade

(C) Prevention of war

(D) NPT

27. Identify the correct chronological order of the following :

(i) Maastricht

(ii) N.P.T.

(iii) Belgrade Conference

(iv) SALT

Select the correct answer:

(A) (iv), (i), (iii), (ii)

(B) (iii), (ii), (iv), (i)

(C) (iii), (ii), (i), (iv)

(D) (ii), (i), (iv), (iii)

28. Who called hierarchy the 'Scalar Process'?

(A) Mooney and Reiley

(B) Felix A. Nigro

(C) Henry Fayol

(D) L.D. White

24. मैक्स वेबर के सत्ता सम्बन्धी त्री–सुत्रीय वर्गीकरण में समाविष्ठ है:

(i) वंशानुगत सत्ता

(ii) पारम्परिक सत्ता

(iii) चमत्कारी सत्ता

(iv) वैध–विवेकी सत्ता

(अ) (i), (ii) और (iii)

(ब) (ii), (iii) और (iv)

(स) (i), (iii) और (iv)

(द) (i), (ii) और (iv)

25. पुस्तक "पॉलिटिक्स ऑफ स्केरसिटी" के लेखक है :

(अ) पॉल ब्रास

(ब) माइरन वीनर

(स) रजनी कोठारी

(द) मोरिस जोन्स

26. UNCTAD ने मूलतः निम्नलिखित को बढ़ाया है / प्रोत्साहित किया है?

(अ) विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा

(ब) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

(स) युद्ध से बचाव

(द) एन. पी. टी.

27. निम्नलिखित का सही कालक्रम पहचानिए –

(i) मास्ट्रिख्त

(ii) NPT

(iii) बेलग्रेड परिषद्

(iv) SALT

सही उत्तर चुनिए :

(अ) (iv), (i), (iii), (ii)

(ब) (iii), (ii), (iv), (i)

(स) (iii), (ii), (i), (iv)

(द) (ii), (i), (iv), (iii)

28. 'पदसोपान को मापन प्रक्रिया' (Scalar Process) किसने कहा है?

(अ) मूनी और रेले

(ब) फैलिक्स ऐ. निग्रो

(स) हेनरी फायोल

(द) एल.डी. वाइट

29. Who propounded the idea of felicific calculus'?

(A) Machiawelli (B) Hobbes

(C) Bentham (D) Marx

30. Identify the order in which the following occured:

(i) Russian Revolution

(ii) American Revolution

(iii) French Revolution

(iv) Glorious Revolution

(A) (iv), (iii), (i), (ii)

(B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (i), (iii), (ii), (iv)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

31. Who among the following talks of pseudo pressure groups?

(A) Duverger (B) Jeon Blondel

(C) Almond (D) James Jupp

32. Anti - defection law was placed in :

(A) the preamble

(B) the fundamental rights chapter in the constitution.

(C) 6th Schedule of constitution

(D) 10th Schedule of the constitution

33. The word "Bureaucracy" was first coined by :

(A) Max Weber

(B) Karl Marx

(C) Vencient de Gaurnay

(D) Spencer

34. The emoluments and allowances of the President of India are charged on the:

(A) Consolidated Fund of India

(B) Contingency Fund of India

(C) Public Accounts Fund

(D) Treasurey

29. 'सुख–दुःख' 'समाकलन के विचार का प्रतिपादन किसने किया?

(अ) मैकेयावेल्ली (ब) हॉबस्

(स) बैन्थम (द) मार्क्स

30. निम्नलिखित घटनाओं के घटने का क्रम बताएँ :

(i) रशियन क्रांति

(ii) अमेरीकी क्रांति

(iii) फ्रांसिसी क्रांति

(iv) गौरवमय क्रांति

(अ) (iv), (iii), (i), (ii)

(ब) (iv), (ii), (iii), (i)

(स) (i), (iii), (ii), (iv)

(द) (i), (iv), (ii), (iii)

31. निम्नलिखित में से कितने मिथ्या दाब समूहों की बात की?

(अ) दुवर्जर (ब) जॉन ब्लौण्डल

(स) अलमॅण्ड (द) जेम्स जूप

32. प्रति–पक्षत्याग कानून रखा गया है :

(अ) प्राक्कथन में

(ब) मौलिक अधिकारों के चैप्टर में

(स) संविधान की 6वीं अनुसूची में

(द) संविधान की 10वीं अनुसूची में

33. ''नौकरशाही'' शब्द सर्वप्रथम किसके द्वारा प्रयोग किया गया था?

(अ) मैक्स वेबर

(ब) कार्ल मार्क्स

(स) विंसेंट डि गौरने

(द) स्पेंसर

34. भारत के राष्ट्रपति की परिलब्धियां व भत्तें लिये जाते हैं:

(अ) भारत की संचित निधि से

(ब) भारत की आकस्मिक निधि से

(स) सार्वजनिक लेखा निधि से

(द) राजकोष से

35. SAARC secretariat is located at :

(A) New Delhi (B) Islamabad

(C) Dhaka (D) Kathmandu

36. The "War to end War" in the history of international relations was:

(A) I. World War (B) II World War

(C) Korian War (D) Vietnam War

37. Which Indian state first established the office of the Lokayukta in India?

(A) Maharashtra (B) Rajasthan

(C) Bihar (D) Orissa

38. Who used first time the word "Cold War"?

(A) Hans J Morgenthau

(B) Bernard Baruch

(C) C K Webester

(D) Karl Deutch

39. 'World System Analysi's was first presented by:

(A) David Easton

(B) Gabriel Almond

(C) Raul Prebisch

(D) Immanuel Wallerstein

40. Under which Article of the Indian constitution is there the provision for having the Election Commission?

(A) Article 320 (B) Article 324

(C) Article 326 (D) Article 330

41. The doctrine of overlapping consensus is advocated by:

(A) Berlin (B) Barry

(C) Nojick (D) Rawls

42. Who of the following was the first satyagrahi of the Individual Civil Disobedience Movement started by Gandhiji in October 1940?

(A) Dr. Rajendra Prasad

(B) J B Kriplani

(C) Sardar Vallabhai Patel

(D) Acharya Vinobha Bhave

35. सार्क सचिवालय कहाँ स्थित है?

(अ) नई दिल्ली (ब) इस्लामाबाद

(स) ढाका (द) काठमांडु

36. अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के इतिहास में 'वार टू एण्ड वार' था:

(अ) प्रथम विश्व युद्ध (ब) द्वितीय विश्व युद्ध

(स) कोरियन युद्ध (द) वियतनाम युद्ध

37. किस भारतीय राज्य ने भारत में लोकायुक्त का कार्यालय सर्वप्रथम स्थापित किया?

(अ) महाराष्ट्र (ब) राजस्थान

(स) बिहार (द) उड़ीसा

38. "शीत युद्ध" शब्द का उपयोग सर्वप्रथम किसने किया?

(अ) हंस जे. मॉर्गन्थाँ

(ब) बर्नार्ड ब्रूच

(स) सी.के.वेब्स्टर

(द) कार्ल डायश

39. 'विश्व व्यवस्था विश्लेषण' सर्वप्रथम किसके द्वारा पेश किया गया था?

(अ) डेविड ईस्टन

(ब) गैबरियल आलमण्ड

(स) रॉल प्रेबिश

(द) इमैन्युअल वॉल्लरस्टीन

40. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत निर्वाचन आयोग स्थापित करने का प्रावधान है?

(अ) अनुच्छेद 320 (ब) अनुच्छेद 324

(स) अनुच्छेद 326 (द) अनुच्छेद 330

41. परस्परव्यापी मतैक्य के सिद्धांत की वकालत किसने की

(अ) बर्लिन (ब) बेरी

(स) नोज़िक (द) रॉल्स

42. निम्नलिखित में से कौन अक्टूबर 1940 में गांधीजी द्वारा शुरू किए गए व्यक्तिगत सविनय अवज्ञा आंदोलन का पहला सत्याग्रही था?

(अ) ड़ा0 राजेन्द्र प्रसाद

(ब) जे.बी. क्रपलानी

(स) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(द) आचार्य विनोबा भावे

43. When was the Inter - State Council setup in India?

(A) 1987 (B) 1989

(C) 1990 (D) 1992

43. भारत में अंतर – राज्य परिषद कब स्थापित की गई थी?

(अ) 1987 (ब) 1989

(स) 1990 (द) 1992

44. Dharamsala model of Indian capitalism was propounded by :

(A) Dandekar and Rath

(B) Arjun Sengupta

(C) Raj Krishna

(D) Amartya Sen

44. भारतीय पूँजीवाद के धर्मशाला मॉडल का प्रवर्तन किसने किया?

(अ) दण्डेकर तथा रथ

(ब) अर्जुन सेनगुप्ता

(स) राज कृष्ण

(द) अमर्त्य सेन

45. Non-state dimension of warfare is also called:

(A) Westphalian Warfare

(B) Post - Westphalian Warfare

(C) New war

(D) Pre - Westphalian Warfare

45. युद्ध के गैर–राजकीय आयाम को यह भी कहते है:

(अ) वेस्टफेलियन युद्ध

(ब) उत्तर वेस्टफेलियन युद्ध

(स) नव – युद्ध

(द) पूर्व वेस्टफेलियन युद्ध

46. Who wrote the book " Stable Peace"?

(A) Johan Galtung

(B) Gunnar Myrdal

(C) Kenneth Boulding

(D) Peter Wallerstein

46. "स्टेबल पीस" नामक पुस्तक के लेखक का नाम बताइए :

(अ) जोहान गेल्तुंग

(ब) गुन्नार मिर्डाल

(स) केनेथ बोल्डिंग

(द) पीटर वालरस्टीन

47. Who has viewed imperialism as the highest stage of capitalism?

(A) Lenin (B) Marx

(C) Angels (D) Martox

47. किसने साम्राज्यवाद को पूँजीवाद की उच्चतम व्यवस्था माना है?

(अ) लेनिन (ब) मार्क्स

(स) एंजिल्स (द) मरटोक्स

48. What was the major issue of disagreement between Gandhi and Ambedkar?

(A) Formation of Harijan Savak Sangh

(B) Publication of weekly journal Harijan

(C) Poona Pact

(D) Gandhi's call for intermarriage between lower and upper caste Hindus

48. गाँधी और अम्बेडकर के बीच किस मुख्य मुद्दे पर मतभेद था?

(अ) हरिजन सेवक संघ के गठन पर

(ब) साप्ताहिक पत्रिका हरिजन के प्रकाशन पर

(स) पूना समझौते पर

(द) गाँधी के निम्न व उच्च हिन्दु जाति के मध्य अन्तरविवाह के आह्वान पर

49. What is the realist approach to environmental politics?

(A) Realist theories emphases the role of institutions in regulating the environment

(B) Realist theories focus on questions of state power and interest

(C) Realist theories emphasis the role played by epistemic communities of scientists.

(D) Realist theories focus on the dissimination of environmental norms.

50. The regime under which the production and trading of CFCs and other ozone depleting substances would be progressively played out is what?

(A) The Montrial Protocol

(B) The Chlorofluoro Carbon Treaty

(C) The intergovernmental panel on Climate change

(D) Convention on environment

51. Which background factors sponsor the rise of constructivism?

(A) The rise of liberalism

(B) The end of cold war which triggered the prominence of non-traditional security and human rights

(C) The rise of Islam

(D) All of the above

52. How does Realism understand the concept of powers?

(A) Power is based on economic growth

(B) Power is a relational concept

(C) Power is a relative concept

(D) Power is both a relational and relative concept

49. पर्यावरणीय राजनीति का यथार्थवादी उपागम कौनसा है?

(अ) यथार्थवादी सिद्धांत पर्यावरण को नियामित करने के लिए संस्थाओं की भूमिका पर बल देते हैं।

(ब) यथार्थवादी सिद्धांत राज्य की शक्ति तथा हित के सवालों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

(स) यथार्थवादी सिद्धांत वैज्ञानिकों के ज्ञानी समुदायों की भूमिका निर्वहन पर बल देते हैं।

(द) यथार्थवादी सिद्धांत पर्यावरणीय नियमों के प्रसार पर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

50. किस व्यवस्था के अन्तर्गत सी.एफ.सी. के उत्पादन तथा लेन–देन् तथा अन्य ओजोन विनाशीय तत्त्वों को उत्तरोत्तर हटाया जाएगा?

(अ) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल

(ब) क्लोरोफ्लोरोकार्बन समझौता

(स) जलवायु परिवर्तन के लिए अन्तरसरकारी पैनल

(द) पर्यावरण पर सम्मेलन

51. रचनावाद (निर्मितिवाद) के पीछे कौन से कारक उत्तरदायी हैं?

(अ) उदारवाद का उदय

(ब) शीतयुद्ध का अंत किसने गैर–परम्परागत सुरक्षा एवं मानवाधिकारों विशिष्टता की शुरुआत की

(स) इस्लाम का उदय

(द) दिये गए सभी विकल्प सहीं हैं।

52. यथार्थवाद शक्ति की अवधारणा को किस प्रकार से समझता है?

(अ) शक्ति आर्थिक विकास पर आधारित है

(ब) शक्ति एक संबंधनात्मक अवधारणा है

(स) शक्ति एक सापेक्ष अवधारणा है

(द) शक्ति दोनों संबंधनात्मक एक सापेक्ष अवधारणा है

53. Weekly edited by Aurobindo was :

(A) Som Prakash

(B) Sudhakar

(C) Bande Mataram

(D) Pratap

54. Which of the following Indians participated in all three round table conferences?

(A) B R Ambedkar

(B) M K Gandhi

(C) Jawahar Lal Nehru

(D) Madan Mohan Malviya

55. Arthashastra is a science which discusses the establishment of the state and :

(A) the rules of social order

(B) the rules of establishing democracy

(C) the rules of economy

(D) the rules of preservation of the state

56. Which according to Jai Prakash Narain would not be the feature of Sarvodaya Society?

(A) It will stay under centralized authority

(B) It will be a loose federation

(C) It will be self-sufficient

(D) State will be unnecessary in it

57. Which activity was propagated by Dayanand Saraswati for those who willingly wanted to adopt Hindu religion?

(A) Siddhi (B) Shuddhi

(C) Vidhi (D) Prasiddhi

58. Which of the following statement is correct?

(A) All judicial authorities in the territory of India shall act in aid of Supreme Court

(B) All civil authorities, in the territory of India shall act in aid of Supreme Court

(C) All local authorities, in the territory of India shall act in aid of Supreme Court

(D) All civil and judicial authorities, in the territory of India, shall act in aid of Supreme Court

53. अरबिन्दो द्वारा सम्पादित साप्ताहिक थी:

(अ) सोम प्रकाश

(ब) सुधाकर

(स) बन्दे मातरम्

(द) प्रताप

54. निम्नलिखित भारतीयों में से किसने तीनों गोल मेज सम्मेलनों में भाग लिया?

(अ) बी.आर. अम्बेडकर

(ब) एम. के. गाँधी

(स) जवाहरलाल नेहरु

(द) मदन मोहन मालवीय

55. अर्थशास्त्र एक विद्या है जो राज्य की स्थापना तथा .... की विवेचना करती है:

(अ) सामाजिक व्यवस्था के नियम

(ब) लोकतंत्र की स्थापना के नियम

(स) अर्थव्यवस्था के नियम

(द) राज्य के आरक्षण के नियम

56. कौन सी जय प्रकाश नारायण के अनुसार सर्वोदय समाज की विशेषता नहीं है?

(अ) वह केन्द्रीयकृत सत्ता के अधीन रहेगा

(ब) वह एक शिथिल संघ होगा

(स) वह आत्मनिर्भर होगा

(द) उसमें राज्य की कोई आवश्यकता नहीं होगी

57. दयानन्द सरस्वती द्वारा किस गतिविधि का प्रचार उनके लिए किया गया जो स्वेच्छा से हिन्दू धर्म अपनाना चाहते थे?

(अ) सिद्धि (ब) शुद्धि

(स) विधि (द) प्रसिद्धि

58. निम्न में से कौन सा कथन सही है?

(अ) भारत में राज्यक्षेत्र के सभी न्यायिक प्राधिकारी उच्चतम न्यायालय की सहायता में कार्य करेंगे।

(ब) भारत के राज्यक्षेत्र के सभी सिविल प्राधिकारी उच्चतम न्यायालय की सहायता में कार्य करेंगे।

(स) भारत के राज्यक्षेत्र के सभी स्थानीय प्राधिकारी उच्चतम न्यायालय की सहायता में कार्य करेंगे।

(द) भारत के राज्यक्षेत्र के सभी सिविल और न्यायिक प्राधिकारी उच्चतम न्यायालय की सहायता में कार्य करेंगे।

59. "Municipal area" means the territorial area of municipality as is notified by:

(A) District Collector

(B) Legislative Assembly

(C) Governor

(D) Mayor

59. "नगरपालिका क्षेत्र" से तात्पर्य नगरपालिका के प्रादेशिक क्षेत्र से है जैसा अधिसूचित किया गया हो:

(अ) जिलाधीश द्वारा

(ब) विधान सभा द्वारा

(स) राज्यपाल द्वारा

(द) महापौर द्वारा

60. In case of Deadlock between the two houses of state legislature:

(A) there is provision for a joint setting for resolving the deadlock

(B) there is no provision for a joint sitting for resolving the deadlock

(C) the will of both the houses is taken into consideration

(D) the matter is taken to High Court

60. राज्य विधायिका के दोनों सदनों के बीच गतिरोध होने पर :

(अ) गतिरोध के समाधान के लिए संयुक्त बैठक का प्रावधान है

(ब) गतिरोध के समाधान के लिए संयुक्त बैठक का प्रावधान नहीं है

(स) दोनों सदनों की इच्छा का ध्यान में रखा जाता है

(द) मामले को उच्च न्यायालय में ले जाया जाता है

61. Which of these factors is not way significant when considering the strength of the state?

(A) Clever Politician

(B) Economic Prosperity

(C) Strong Military

(D) Widespread consent from the Public

61. इन कारकों में से कौनसा महत्त्वपूर्ण नहीं है जब राज्य की शक्ति पर विचार किया जाता है?

(अ) चतुर राजनेता

(ब) आर्थिक सम्पन्नता

(स) शक्तिशाली सेना

(द) जनता की व्यापक सहमति

62. A classic method of investigating the role of the state is :

(A) Social networking theory

(B) Social conscience theory

(C) Social contract theory

(D) Socialist contract theory

62. राज्य की भूमिका के अनुसंधान का प्रतिष्ठित तरीका है:

(अ) सामाजिक तंत्र व्यवस्था सिद्धांत

(ब) सामाजिक अंतःकरण सिद्धांत

(स) सामाजिक समझौता सिद्धांत

(द) समाजवादी समझौता सिद्धांत

63. A key figure in the development of pluralism is:

(A) C.W. Mills

(B) Ronald Dahl

(C) James Burnham

(D) Robert Dahl

63. बहुलवाद के विकास के लिए प्रमुख व्यक्ति है:

(अ) सी डब्लू मिल्स

(ब) रोनल्ड डाहल

(स) जेम्स बर्नहम

(द) रोबर्ट डाहल

64. Powerful theoretical backing for democracy was provided by:

(A) John Locke

(B) Thomas Hobbus

(C) Admund Burks

(D) Jeremy Bentham

65. "Force is manifest power" Who said?

(A) Morgenthau (B) Russell

(C) Bierstedt (D) Shills

66. Consider the following statements in relation with Dadabhai Naroji and choose the correct answer:-

(A) Draw of wealth is the major reason of economic slavery of India

(B) Naroji is considered to be marxist and extreme socialist thinker

(C) Population and faulty economic rules are the basis of Indian poverty

(D) Naroji resisted free trade policy and Swaraj

67. Who among the following is not a proponent of communitarianism?

(A) Alasdair Mac Intyre

(B) Michael Sandel

(C) Michael Walzer

(D) Friedrich Hayck

68. Match List - I with List - II and select the correct answer from the code given below:

List - I (Authors)	List - II (Books)
(a) Brain Berry	(i) Justice
(b) Susan Moller Okin	(ii) Idea of Justice
(c) Amartya K Sen	(iii) Justice, Gender & Family
(d) Tom Campbell	(iv) Liberal Theory of Justice

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(C)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(D)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)

64. लोकतंत्र को प्रभावशाली सैद्धांतिक समर्थन प्रदान किया है:

(अ) जॉन लॉक ने

(ब) थॉमस हॉब्स ने

(स) एडमण्ड बर्क ने

(द) जेरेमी बेन्थम ने

65. ''बल प्रकट शक्ति है।'', किसका कथन है?

(अ) मोर्गेन्थाऊ (ब) रसेल

(स) बियरस्टेड (द) शिल्स

66. दादाभाई नैरोजी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

(अ) भारत की आर्थिक दासता का मुख्य आधार पूँजी का निर्गम है।

(ब) नौरोजी मार्क्सवादी एवं अति समाजवादी चिंतक माने गए हैं।

(स) नौरोजी निर्धनता का मूल कारण जनसंख्या और दोषपूर्ण आर्थिक नियम हैं।

(द) नौरोजी ने मुक्त व्यापार नीति का विरोध किया।

67. निम्नलिखित में से कौन समुदायवाद के प्रतिपादक नहीं हैं?

(अ) एलसडेयर माकिनटीयर

(ब) माइकल सांडेल

(स) माइकल वालजर

(द) फ्रेडरिक हाइक

68. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें –

सूची – I (लेखक)	सूची – II(पुस्तक)
(a) ब्रीयॉ बेरी	(i) जस्टिस
(b) सुसन मोलर ओबिल	(ii) आइडिया आफ जस्टिस
(c) अर्मत्य के सेन	(iii) जस्टिस, जेंडर एण्ड फैमली
(d) टॉम कैम्पवेल	(iv) दी लिबरल थ्योरी ऑफ जस्टिस

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(अ)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(ब)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(स)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(द)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)

69. The Governor of a state in his capacity as Administrator of an adjoining Union Territory discharges his functions independently of:

(A) The President of India

(B) The Union Cabinet

(C) The Union Home Ministers

(D) The State Council of Ministers

69. किसी राज्य का राज्यपाल निकटवर्ती संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक के रूप में निम्नलिखित से स्वतंत्र रूप से अपने कार्य का निर्वहन करता है :

(अ) भारत का राष्ट्रपति

(ब) केन्द्रीय मन्त्रि मण्डल

(स) केन्द्रीय गृह मंत्री

(द) राज्य मंत्री परिषद्

70. Gramsci characterised Fascism as:

(A) Hegemonic Revolution
(B) Passive Revolution
(C) Bourgeois Revolution
(D) Petit Bourgeois Revolution

70. ग्रामशी ने फ़ासीवाद की विशेषता बताई है :

(अ) प्रधान्य क्रांति
(ब) निष्क्रिय क्रांति
(स) बर्जुआ क्रंति
(द) लघु बर्जुआ क्रांति

71. Whits one of the following countries follow a semi-presidential system?

(A) Sri - Lanka (B) Germany
(C) Italy (D) France

71. निम्नलिखित में से किस देश में अर्ध–राष्ट्रपति प्रणाली प्रचलित है?

(अ) श्रीलंका (ब) जर्मनी
(स) इटली (द) फ्रांस

72. Arrange the following peasant movements in their chronological order select the correct answer from the code given below.

(i) Tehbhago (ii) Champaran
(iii) Singur (iv) Bardoli

Code :

(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (ii), (iv), (i), (iii)
(C) (iii), (i), (ii), (iv)
(D) (iv), (ii), (iii), (i)

72. निम्नलिखित किसान आंदोलनों को उनके सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए। नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।

(अ) तेभागो (ब) चम्पारण
(स) सिंगूर (द) बारडोली

कूट :

(अ) (ii), (i), (iii), (iv)
(ब) (ii), (iv), (i), (iii)
(स) (iii), (i), (ii), (iv)
(द) (iv), (ii), (iii), (i)

73. Match List - I with List - II and select the correct answer from the code given below:

List - I (Theory)	List - II (Thinkers)
(a) Classical Theory	(i) Elton Mayo
(b) Human Relation Theory	(ii) Henry Fayol
(c) Decision Making Theory	(iii) V. Ostrom
(d) Public Choice Theory	(iv) Herburt Simon

Code :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i),	(ii),	(iv),	(iii)
(C)	(ii),	(iii),	(iv),	(i)
(B)	(i),	(ii),	(iii),	(iv)
(C)	(ii),	(i),	(iv),	(iii)

73. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।

सूची – I (सिद्धांत)	सूची – II(चिंतक)
(a) परम्परागत सिद्धांत	(i) एल्टन मेयो
(b) मानव संबंध सिद्धांत	(ii) हेनरी फेयोल
(c) निर्णय–निर्माण सिद्धांत	(iii) वी. ओस्ट्रोम
(d) लोक वरण सिद्धांत	(iv) हरबर्ट साइमन

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(अ)	(i),	(ii),	(iv),	(iii)
(ब)	(ii),	(iii),	(iv),	(i)
(स)	(i),	(ii),	(iii),	(iv)
(द)	(ii),	(i),	(iv),	(iii)

74. Who among the following has specified six qualities of an administrator / manager physical, mental, moral, general education special knowledge and experience?

(A) Fayol (B) Follet
(C) Weber (D) Mayo

74. निम्नलिखित में से किसने किसी प्रशासक / प्रबंधक की छह विशेषताओं विनिर्दिष्ट की हैं– शारीरिक, मानसिक, नैतिक, सामान्य शिक्षा, विशिष्ट ज्ञान और अनुभव?

(अ) फेयोल (ब) फोलेट
(स) वेबर (द) मेयो

75. Which of the following are excluded from the RTI Act?

(i) Central Bureau of Investigation (CBI)

(ii) Research Analysis Wing (RAW)

(iii) Central Reserve Police Force (CRPF)

(iv) Prime Minister's Office (PMO)

Code :

(A) (i) and (iv)

(B) (i) and (ii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (iii) and (iv)

76. Whose Presidency in America was marked by 'War on Terrorism'?

(A) George HW Bush

(B) George W Bush Jr.

(C) Bill Clinton

(D) Barack Obama

77. According to Aristotle, the best constitution should adopt the principle of :

(A) Stability (B) Mean

(C) Extreme (D) Perfection

78. According to John Locke one the following is not a natural right:

(A) Property (B) Life

(C) Liberty (D) Work

79. Who wrote that the state is "perfected rationality"?

(A) T. H. Green (B) J. J. Rousseau

(C) Hegel (D) Karl Marx

80. A constitutional government stands for:

(A) a government with a constitution

(B) a government run by people's representatives

(C) a government run by people's representatives with the help of bureaucracy

(D) a limited government

75. निम्नलिखित में से किन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम में शामिल नहीं किया गया है?

(i) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी बी आई)

(ii) रिसर्च एण्ड एनाएलाइसिस विंग (रॉ)

(iii) केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सी आर पी एफ)

(iv) प्रधानमंत्री कार्यालय (पी एम ओ)

कूट :

(अ) (i) और (iv)

(ब) (i) और (ii)

(स) (i), (ii), और (iii)

(द) (iii) और (iv)

76. अमेरिका में किस राष्ट्रपति के कार्यकाल को 'आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई' के दौर के रूप में जाना जाता है?

(अ) जार्ज एच् डब्लू बुश

(ब) जार्ज डब्लू बुश जूनियर

(स) बिल क्लिंटन

(द) बराक ओबामा

77. अरस्तू के अनुसार, सर्वश्रेष्ठ संविधान में सिद्धांत स्वीकार करना चाहिए :

(अ) स्थिरता का (ब) मध्यवर्ती का

(स) अतिवादी का (द) परिपूर्णता का

78. जॉन लॉक के अनुसार, निम्न में से एक प्राकृतिक अधिकार नहीं है:

(अ) सम्पत्ति (ब) जीवन

(स) स्वतंत्रता (द) श्रम

79. यह किसने लिखा था कि राज्य एक "पूर्णतया तर्कशक्ति" है?

(अ) टी.एच.ग्रीन (ब) जे.जे. रूसो

(स) हिगल (द) कार्ल मार्क्स

80. इनमें से संवैधानिक सरकार का आधार होता है :

(अ) संविधानीय सरकार

(ब) जनप्रतिनिधियों द्वारा चलाई गई सरकार

(स) नौकरशाही के सहयोग से जनप्रतिनिधियों द्वारा चलाई गई सरकार

(द) सीमित सरकार

81. Which one of the following amendments has added the word 'secular' to the Preamble of Indian Constitution?

(A) 44th Amendment
(B) 43rd Amendment
(C) 42nd Amendment
(D) 45th Amendment

82. In which chapter of the Indian Constitution there is a mention of Uniform Civil Code?

(A) Preamble
(B) Directive Principles of State Policy
(C) Fundamental Duties
(D) Judiciary

83. The Lok Sabha was first constituted in :

(A) 1947 (B) 1950
(C) 1952 (D) 1951

84. Match the List - I with List - II

List - I	List - II
(a) Annhilation of Caste	(i) Gandhi
(b) The Cunning Reason	(ii) Aurobindo
(c) The Human cycle	(iii) Ambedkar
(d) Hind Swaraj	(iv) Hegel

select the correct answer from the code given below:

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(B)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(C)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(D)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

85. Which of the following is not an All India Service?

(A) Indian Police Service
(B) Indian Administrative Service
(C) Indian Forest Service
(D) Indian Foreign Service

86. Who among the following has made pioneering contribution in the area of subaltern studies?

(A) Ramachandra Guha
(B) Ranjit Guha
(C) Rajni Kothari
(D) James Manor

81. निम्नलिखित में से किस संशोधन में "धर्म निरपेक्ष" शब्द को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जोड़ा गया है?

(अ) 44 संशोधन
(ब) 43 संशोधन
(स) 42 संशोधन
(द) 45 संशोधन

82. भारतीय संविधान के किस अध्याय में समान व्यवहार संहिता का उल्लेख किया है?

(अ) प्रस्तावना
(ब) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
(स) मौलिक कर्तव्य
(द) न्यायपालिका

83. लोक सभा प्रथम निर्मित कब हुई थी?

(अ) 1947 (ब) 1950
(स) 1952 (द) 1951

84. सूची – I का सूची – II से मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेत से सही उत्तर का चयन करें।

सूची – I	सूची – II
(a) जाति उन्मूलन	(i) गाँधी
(b) चतुर तर्क	(ii) अरविन्द
(c) मानवीय चक्र	(iii) अम्बेडकर
(d) हिन्द स्वराज	(iv) हेगल

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(अ)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(ब)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(स)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(द)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

85. निम्नलिखित में से कौन सी अखिल भारतीय सेवा नहीं है?

(अ) भारतीय पुलिस सेवा
(ब) भारतीय प्रशासनिक सेवा
(स) भारतीय वन सेवा
(द) भारतीय विदेश सेवा

86. सबआलटर्न (उपाश्रित) अध्ययनों के क्षेत्र में पथप्रदर्शक नुमा योगदान निम्नलिखित में से किसका है?

(अ) रामचन्द्र गुहा
(ब) रणजीत गुहा
(स) रजनी कोठारी
(द) जेम्स मेनर

87. "Atoms for Peace" was a disarmament plan put forward by which world leader?

(A) J. Nehru (B) Krushchev

(C) Eisenhower (D) Kennedy

88. Who said "A state is human activity that successfully claims the monopoly of the legitimate use of physical force within a given territory"?

(A) David Easton (B) G.A. Almond

(C) Karl Marx (D) Max Weber

89. Which one of the following approaches studies, among others, Public opinion and peoples' political choices?

(A) Philosophical approach

(B) Institutional approach

(C) Behaviourial approach

(D) Legal approach

90. Who is the First Law Officer of the Government of India?

(A) Chief Justice of India

(B) Law Secretary

(C) Solicitor - General of India

(D) Attorney General of India

91. Which one of the following cannot be dissolved but can be abolished?

(A) Lok Sabha

(B) Rajya Sabha

(C) State Legislative Council

(D) State Legislative Assembly

92. Which of the following country is not a member of ASEAN:

(A) Laos (B) Cambodia

(C) Vietnam (D) North Korea

87. "एटम्स् फॉर पीस" निशस्त्रीकरण योजना विश्व के किस नेता ने प्रस्तुत की थी?

(अ) जे. नेहरु (ब) ख्रुश्चेव

(स) आइ. जनहॉवर (द) कैनेडी

88. यह किसने कहा है, "राज्य मानवीय गतिविधि है जो प्रदत्त क्षेत्र के साथ भौतिक बल के वैध उपयोग के एकाधिकार का सफलतापूर्वक दावा करता है।"

(अ) डेविड ईस्टन (ब) जी.ए. आलमण्ड

(स) कार्ल मार्क्स (द) मैक्स वेबर

89. निम्नलिखित में से कौनसा उपागम लोकमत और लोगों के राजनीतिक विकल्पों का अध्ययन करता है?

(अ) दार्शनिक उपागम

(ब) सांस्थानिक उपागम

(स) व्यवहारपरक उपागम

(द) कानूनी उपागम

90. निम्नलिखित में से कौन भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है?

(अ) भारत के मुख्य–न्यायाधीश

(ब) विधि सचिव

(स) भारत के सॉलिसिटर जनरल

(द) भारत के महान्यायवादी

91. निम्नलिखित में से किसे भंग नहीं किया जा सकता है परन्तु समाप्त किया जा सकता है?

(अ) लोक सभा

(ब) राज्य सभा

(स) राज्य विधान परिषद्

(द) राज्य विधान मंडल

92. निम्नलिखित देशों में से कौनसा देश आसियान (ASEAN) का सदस्य नहीं है?

(अ) लाओस (ब) कम्बोडिया

(स) वियतनाम (द) उत्तरी कोरिया

93. The 'One best way' in scientific management means:
(A) Equal division of work
(B) Intensive analysis of work processes
(C) Mental revolution on part of workers and management
(D) Standardization of work method

94. The Chief Information Commissioner and Information Commissioners in India are appointed for a term on :
(A) 3 years (B) 4 years
(C) 5 years (D) 6 years

95. Economic diplomacy is also termed as:
(A) Cultural diplomacy
(B) Oil diplomacy
(C) Crisis diplomacy
(D) Development diplomacy

96. Which of the following is not a technique to exercise national power?
(A) Diplomacy
(B) Economic state craft
(C) Use of military force
(D) Join a world organisation

97. Who was of opinion that, "the end of cold war represented the victory of ideal state and liberal capitalism"?
(A) Michael Doyle
(B) Thomas Dunne
(C) Francis Fukuyama
(D) Samuel Huntigton

98. The term "Leninism" was coined by:
(A) Trotsky (B) Stalin
(C) Marx (D) Mao

99. Who wrote the book, "Democracy and Discontent"?
(A) James Manor (B) Atul Kohli
(C) Zoya Hasan (D) MSA Rao

100. With which liberal thinker is "Democratic Peace Theory" associated?
(A) Michael Doyle (B) James Rosenau
(C) Richard Falk (D) Michael Walzer

93. वैज्ञानिक प्रबंधन में 'वन बेस्ट वे' का अर्थ है:
(अ) कार्य का समान बटवारा
(ब) कार्य प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण
(स) कामगारों और प्रबंधन की मानसिक क्रांति
(द) कार्य विधियों का मानकीकरण

94. भारत में मुख्य सूचना आयुक्त तथा सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की जाती है:
(अ) 3 वर्ष के लिए (ब) 4 वर्ष के लिए
(स) 5 वर्ष के लिए (द) 6 वर्ष के लिए

95. आर्थिक कूटनीति को इस रूप में भी जाना जाता है:
(अ) सांस्कृतिक कूटनीति
(ब) तेल कूटनीति
(स) संकट कूटनीति
(द) विकास कूटनीति

96. निम्नलिखित में से क्या राष्ट्रीय शक्ति के उपयोग की तकनीक नहीं है?
(अ) कूटनीति
(ब) आर्थिक शासनकला
(स) सैन्य शक्ति का उपयोग
(द) विश्व संगठन में शामिल होना

97. किसने कहा था "शीत युद्ध का अंत आदर्श राज्य और उदारवादी पूंजीवाद के विजय का प्रतिनिधित्व करता है।"
(अ) माइकल डोयल
(ब) थॉमस डन
(स) फ्रंसिस फुकुयामा
(द) सैमुअल हन्टिंगटन

98. "लेनिनवाद" शब्द किसके द्वारा गढ़ा गया था?
(अ) ट्रोट्स्की (ब) स्टालिन
(स) मार्क्स (द) माओ

99. "डेमोक्रेसी एंड डिसकंटेंट" पुस्तक किसने लिखी है?
(अ) जेम्स मैनर (ब) अतुल कोहली
(स) ज़ोया हसन (द) एम.एस.ए. राओ

100. किस उदारवादी विचारक के साथ "लोकतांत्रिक शांति सिद्धांत" को जोड़ा जा सकता है?
(अ) माइकल डॉयल (ब) जेम्स रोसनाऊ
(स) रिचर्ड फाल्क (द) माइकल वॉलज़र

SPACE FOR ROUGH WORK/ रफ कार्य के लिए जगह

रफ कार्य